हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 दिसंबर 2025



06 निजी स्कूल संचालकों की मनमानी से प्रतिदिन...



10 यात्री बसों में आगजनी से निपटने नहीं कोई ...





## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3260
उच्चतम भाव-5151
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7230
चना
न्यूनतम भाव-4550
उच्चतम भाव- 5280
मसूर
न्यूनतम भाव-5650
उच्चतम भाव-6150
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-5560
मक्का
न्यूनतम भाव-1150
उच्चतम भाव- 1701
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3100
धान
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-3574
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3001
उड़द
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-5900
बटरी
न्यूनतम भाव-3120
उच्चतम भाव-3120

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 12784 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

### स्कूलों में हैं बड़े-बड़े पार्किंग स्थल, लेकिन वेन,ऑटो को खड़े करने नहीं देते जगह

# निजी स्कूल संचालकों की मनमानी से प्रतिदिन लग रहा है सड़कों पर जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





निजी स्कूल संचालकों की मनमानी दिन व दिन बढ़ती जा रही। जिससे आमजन को आवागमन के दौरान खासी दिक्कतों का सामना तो करना ही पड़ रहा है साथ ही यातायात भी प्रभावित हो रहा है। स्कूल परिसर में पर्याप्त जगह होने के बाद भी दिन व दिन जाम की समस्या बढती जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में संचालित कुछ निजी विद्यालय प्रशासन के नियम कायदे कानून का सरेआम उल्लंघन करते चले आ रहे हैं। यह कोई आम बात नहीं है कि स्कूल प्रबंधन व्यवस्था बनाने की बात तो करते हैं, लेकिन व्यवस्थाएं बनाते नहीं है। वह सारे नियम मानने के लिए प्रशासन से परमिशन तो ले लेते हैं लेकिन स्कूलों के सामने मेन रोड पर छुट्टी के समय जाम के हालात बन ही जाते हैं। नगर के सबसे व्यस्तम बरेठ रोड पर अंग्रेजी माध्यम के दो बडे निजी विद्यालय हैं लेकिन वह भी छात्र छात्राओं को लाने और ले जाने वाले ऑटो रिक्शा वेन आदि को कैंपस के अंदर प्रवेश नहीं करने देते। जब विद्यालय की छुट्टी होती है, तब वहां विद्यालयों के सामने ही बडी संख्या में ऑटो रिक्शा, वैन और छात्र, छात्राओं के वाहन खडे हो जाते हैं, जिससे मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। यह नया मामला नहीं है। विद्यालयों को शासन प्रशासन द्वारा पूर्व में भी कई बार व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया गया है और वाहनों को अंदर ले जाने की बात भी कही गई थी। लेकिन उन सभी विद्यालयों पर अच्छा खासा कैंपस ग्राउंड होते हुए भी विद्यालय के अंदर ऑटो रिक्शा और वैन को प्रवेश नहीं दिया जाता है, क्योंकि स्कूल प्रबंधन नहीं चाहते कि उनका ग्राउंड खराब हो। वहीं परमिशन के समय कागजों में पार्किंग दर्शाई गई है लेकिन पार्किंग विद्यालय कैंपस में नहीं की जाती है जिससे आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। सबसे पहले तो बरेठ रोड पर भारत माता कॉन्वेंट स्कूल के सामने सबसे ज्यादा अव्यवस्था उत्पन्न होती है, मानो स्कूल प्रबंधन की मनमानी के आगे प्रशासन के नियम नहीं चल पाते। वहीं दूसरी ओर सेंट जोसेफ स्कूल है उसकी भी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। वह भी सारे वाहन बाहर ही खड़े करवाते हैं। उधर लाल पठार पर भी आईपीएस स्कूल के पास करीब तीन बीघा का ग्राउंड होने के बाद भी स्कूल प्रबंधन वाहनों को अंदर प्रवेश नहीं होने देता और सुबह एवं दोपहर छुट्टी होने के बाद जाम के नजारे देखने को मिल जाते हैं।

इस मामले में यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी का कहना है कि पहले भी स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया था। इसके बावजूद भी प्रबंधन ने कोई व्यवस्था नहीं की। अब सभी स्कूलों को पुनः नोटिस जारी करेंगे कि परिसर में मौजूद ग्राउंड में वाहनो को खडा करवाया जाए ताकि यातायात ना रुके और जाम से मुक्ति मिल सके।

## अनेक स्थानों पर यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को यातायात पुलिस ने नगर के स्टेशन मार्ग, त्योंदा मार्ग, सिटी मार्ग और बरेठ रोड सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी ने बताया कि जांच के दौरान कई दोपहिया वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं पाई गई, जबकि कुछ वाहन चालकों के पास वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। इन सभी पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। शाम के समय एक बुलेट मोटरसाइकिल पर मॉडिफाई साइलेंसर लगा होने के कारण उस पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। यातायात प्रभारी ने आगे कहा कि शहर में तेज गति से वाहन चलाने वाले और मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाले बुलेट मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इसका लक्ष्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाना है। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 16 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 6200 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अनेक वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई कि नशा करके वाहन न चलाऐं, तेज स्पीड में वाहन न चलाऐं, यातायात नियमों का हमेशा पालन करें, चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर ही चलाऐं, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

## किसानों ने नई मंडी में लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी के सामने दोपहर के समय किसानों ने चक्का जाम कर दिया। किसानों का आरोप था कि नीलामी के बाद भी व्यापारी उनकी धान खरीदने से इनकार कर रहे थे, जिससे वह नाराज थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार घाट बमुरीया निवासी किसान शुभम, प्रहलाद ने अपनी धान नवीन कृषि उपज मंडी में बेची थी। नीलामी के बाद रसीद भी बन गई थी, लेकिन व्यापारियों ने उनकी उपज लेने से मना कर दिया। इसी के विरोध में किसानों ने बासौदा-उदयपुर टू-लेन मार्ग पर ट्रैक्टर लगाकर जाम लगा दिया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार अरविंद यादव ने मौके पर पहुंचकर किसानों से बात की और उन्हें समझाने का प्रयास किया। तहसीलदार ने बताया कि कुछ किसानों की धान की उपज में ऊपर और नीचे की गुणवत्ता में भिन्नता पाई गई थी। जिसके कारण व्यापारी उपज लेने में हिचकिचा रहे थे। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। अधिकारियों द्वारा चक्काजाम कर रहे किसानों को समझाने के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया।

## खबर संक्षेप

### दल का साप्ताहिक श्रमदान अभियान आज

गंजबासौदा। बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के तहत बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 8 वां चरण 7 दिसंबर रविवार को सुबह 7:30 से 9 बजे तक चलेगा। जिसमें नदी के रिपटा घाट पर दल द्वारा सफाई की जाएगी। श्रमदान दल ने नागरिकों से आग्रह किया है कि बेतवा नदी स्वच्छता अभियान से जुड़े, नदी जल स्वच्छता, पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण में साझेदार बने और नदियों जलाशयों की स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंवे।

## सुभद्रा शर्मा की छात्राएं संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में चयनित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राएं संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। यह प्रतियोगिता सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनामिका प्रजापति ने छात्राओं को शुभाशीष देते हुए खेलकूद द्वारा जीवन में होने वाले बदलाव स्वास्थ्य एवं समाज के प्रति दृष्टिकोण को समझने की बात कही। महाविद्यालय की ओर से सेजल रघुवंशी, जूही राजपूत, रागिनी राजपूत, अनुराधा राजपूत, मुस्कान लोधी का चयन हुआ है। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ प्रदन्या करंदीकर ने बताया कि महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी उपविजेता का स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

## महिला को 6 माह के कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मारपीट के मामले में न्यायालय ने आरोपी गंगाबाई को 6 माह के सश्रम कारावास और 1000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सृष्टि कुशवाह की अदालत में हुई। प्रकरण की पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अंशुमान सुहाने ने की। फरियादिया ने शहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 21 जून 2019 की सुबह करीब 10.15 बजे आरोपी गंगाबाई और एक अन्य व्यक्ति ने उसके घर के सामने पुरानी रंजिश को लेकर विवाद किया। दोनों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद फरियादिया को पकड़कर जमीन पर घसीटा। उसके दाएं पैर के पंजे में गंभीर चोट आई। घटना के समय पास में मौजूद अमित यादव ने बीच-बचाव किया। फरियादिया की आवाज सुनकर उसका बेटा शानू मौके पर पहुंचा। आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। फरियादिया की शिकायत पर थाना शहर बासौदा में अपराध दर्ज किया गया। शुरुआत में धारा 294, 323, 34 और 506 के तहत मामला दर्ज हुआ। विवेचना के दौरान धारा 325 भी जोड़ी गई। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी गंगाबाई दोषी पाई गई। अदालत ने उसे 6 माह के सश्रम कारावास और 1000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



श्रीधाम बासौदा दरबार में वेदांश वेदांतकुलम विश्वविद्यालय 2047 परिवार के उत्कृष्ट संयोजन में एक भव्य अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पं. हरिनारायण पाठक उपस्थित रहे। विशिष्ट उपस्थिति के रुप में नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, योगेश त्रिपाठी, नारायण सिंह कुशवाहा, सौभाग्य सिंह राजपूत, दिनेश विश्वकर्मा, राजकुमार सिकरवार, सुरेंद्र सिकरवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंच संचालन आशीष दुबे ने किया। मंच संचालन की रूपरेखा सौभाग्य सिंह राजपूत द्वारा तैयार की गई। कवि सम्मेलन में आए राष्ट्रीय स्तर के कवियों ने अपनी विधाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीलेश चतुर्वेदी 'धांसू' ने हास्य कविताओं से महफ़िल लूटी। वहीं विकास शुक्ला ने भगवान श्रीराम पर आधारित कविता प्रस्तुत कर काव्य पाठ की शुरुआत की। मोहित भार्गव ने गीत पढ़कर खूब प्रशंसा बटोरी। सुमित दिल्ली ने वीर रस की ओजस्वी रचनाओं की प्रस्तुति दी। प्रेम व अजय, राहुल विदिशा ने काव्य पाठ का वाचन किया। धर्म सिंह विश्व ख्याति प्राप्त शायर ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। ध्रुव शर्मा बेचैन ने वीर रस की ओजस्वी रचनाएँ सुनाईं। कवयित्री शिखा रघुवंशी ने मधुर काव्य पाठ किया। सत्येंद्र सत्यज श्योपुर ने भाई पर आधारित भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। अनुज भार्गव ने उत्कृष्ट कविता का पाठ किया।

## ग्राहक पंचायत का जागरण पखवाड़ा संगोष्ठी के माध्यम से हुआ प्रारंभ




**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का ग्राहक जागरण पखवाड़ा 5 दिसंबर से प्रारंभ हो गया जो कि 20 दिसंबर तक चलेगा। पखवाड़ा के प्रारंभ में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन पंचायत के जिला अध्यक्ष राजीव रघुवंशी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख प्रदीप जैन उपस्थित थे, जिन्होंने उपस्थित जन को ग्राहक जागरूकता विषय पर संबोधित किया। संगोष्ठी का प्रारंभ माता सरस्वती व विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत रोली चावल से करने के उपरांत गीत दोहराया गया। संगठन की रूप रेखा व पंचायत की कार्य पद्धति विदिशा जिले के सचिव कुलदीप श्रीवास्तव के द्वारा रखी गई। संगोष्ठी को भावना राठौर महिला आयाम प्रमुख व आयुषी सैंगर महिला सह आयाम प्रमुख ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन प्रदीप मालवीय ने किया व संगोष्ठी का समापन के अवसर पर ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष राजीव रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में बताया कि ग्राहक पखवाड़ा 5 से 20 दिसंबर तक चलेगा। जिसमें अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों के जागरण के संबंध में अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। सभी से पंचायत से जुड़ने व सहयोग करने की अपील की गई है।

## खाद विक्रय केन्द्र पर चोरी का प्रयास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रोड स्थित इफ्को खाद विक्रय केंद्र पर रात्रि के समय चोरी का प्रयास किया गया। चोर छत पर लगी टीन हटाकर अंदर घुसा और करीब डेढ़ घंटे तक तिजोरी तोड़ने की कोशिश करता रहा, लेकिन सफल नहीं हो सका। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोर शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे केंद्र के पिछली तरफ से छत पर चढ़ा। उसने एक साइड की टीन हटाई और अंदर रखी बोरियों पर चढ़कर नीचे उतरा। सीधे तिजोरी तक पहुंचकर उसने करीब आधे घंटे तक उसे तोड़ने का प्रयास किया। जब तिजोरी नहीं टूटी, तो वह उसी टीन के सहारे बाहर निकल गया। चोर रात 1:30 बजे तक केंद्र के अंदर रहा। केंद्र संचालक अजय सिंह ने बताया कि तिजोरी में करीब 1 लाख रुपए रखे हुए थे। यदि चोर तिजोरी तोड़ने में सफल हो जाता, तो उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हो सकता था। सीसीटीवी फुटेज में चोर की पूरी गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। संचालक अजय सिंह ने इस संबंध में पुलिस को आवेदन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वासुदेव भगवान व देवताओं की प्रतिमाओं की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

# नवदिवसीय आध्यात्मिक उत्सव का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर स्थित भगवान रामदेव मंदिर में संपन्न हुई देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, रामकथा, पंचकुंडात्मक रुद्र महायज्ञ और 2100 कलशों की भव्य कलश यात्रा इन सभी दिव्य आयोजनों की संयुक्त आभा शनिवार को तब पूर्णता को पहुँची, जब भगवान वासुदेव, श्रीराम परिवार, देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने सामाजिक समरसता और एकता के भाव के साथ एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में ढाई सौ किलो आटे से बनी पूड़ियाँ, 100 किलो से अधिक सब्जी और सवा सौ किलो की बूंदी तैयार कराई गई थी। भंडारे की सामग्री को तैयार करने के लिए 70 से 80 कर्मचारी 2 दिन से व्यवस्था में लगे हुए थे। भंडारे की भोजन वितरण सेवा दोपहर 12 बजे शुरू हुई। जो कि देर रात तक चलती रही। मंदिर समिति की ओर से बैठ कर प्रसादी परोसी गई। 9 दिन में 11 लाख रुद्र भगवान रामदेव, माता शीतला, भगवान वासुदेव, गुरु गोरखनाथ सहित अन्य देवताओं की आवाहन आहुतियाँ, वासुदेव, सीताराम की प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन सनातन परंपरा से हुआ। मंदिर संस्थापक पंडित हरि नारायण पाठक ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में दिए गए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों सनातन प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं प्रशासन पुलिस प्रशासन का आभार माना। श्रीधाम बासौदा दरबार के बाबा रामदेव मंदिर में संपन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, पंचकुंडात्मक रूद्र महायज्ञ, श्रीराम कथा और 2100 कलशों की शोभायात्रा ने इस धरा को वासुदेवमय कर दिया। 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित प्रेमभूषण महाराज की श्रीराम कथा ने हजारों श्रोताओं के हृदयों में भक्ति की नई रोशनी भरी। इसके साथ चले पंचकुंडात्मक रुद्र महायज्ञ की प्रत्येक आहुति नगर के वातावरण को पवित्र, शांत और ऊर्जावान बनाती रही। रामदेव बाबा मंदिर परिसर में 5 दिसंबर को दिव्य मंत्रोच्चार, वैदिक विधानों और संतों की साक्षी में भगवान वासुदेव, श्रीराम परिवार, शिव–पार्वती, गणेश, हनुमान एवं अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। रामदेव बाबा मंदिर परिसर से लेकर पास की गलियों तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंक्तिबद्ध बैठे और प्रसाद की सुव्यवस्थित सेवा होती रही। हर वर्ग, हर आयु, हर समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। जिसने आयोजन के समापन पर अपनी आस्था, भक्ति, श्रध्दा के साथ-साथ एकता और सनातन धर्म के समभाव का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रेक्टर ट्राली से कार टकराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रात्रि के समय मर्दाखेड़ी रेलवे ओवरब्रिज पर अंधेरे में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार टकरा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहबा निवासी थान सिंह अहिरवार अपनी कार से बासौदा की ओर जा रहे थे, इस दौरान ओवरब्रिज पर उन्हें रास्ता साफ नहीं दिखा और उनकी कार पाइप से लदी खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। जिसमें टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और थान सिंह के सिर व हाथ में चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पंचर होने के बाद ओवरब्रिज पर ही खड़ी छोड़ दी गई थी। उस पर किसी तरह की चेतावनी पट्टी, रेडियम या लाइट नहीं थी, जिससे रात में यह नजर नहीं आ रही थी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल लेकर गई।

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर चिकित्सा शिविर आयोजित

**गंजबासौदा।** गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष मसूदपुर द्वारा ग्राम थनवाया के आंगनबाड़ी केंद्र में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 72 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस दौरान डॉ. दर्शना रघुवंशी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. अरविंद कनौजिया द्वारा रोगियों की जांच एवं चिकित्सा की गई। श्रवण कुमार अहिरवार द्वारा दवा का वितरण किया गया। शिविर में शीतकाल में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया एवं उनसे बचाव के उपाय भी साझा किए गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीतांजलि राजपूत एवं कमलाबाई द्वारा शिविर की व्यवस्था सुचारू रूप से संभाली गई।



## खबर संक्षेप

### गोंड इतिहास नृत्य-नाट्य समारोह 16 से

**विदिशा।** लटेरी में 16 से 18 दिसंबर तक जननायक गोंड इतिहास नृत्य-नाट्य समारोह आयोजित होगा। संस्कृति विभाग द्वारा गोंड साम्राज्य के गौरवपूर्ण इतिहास के संरक्षण हेतु 52 गढ़ों में से 30 प्रमुख गढ़ों पर नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों की पहल की गई है। इसी क्रम में लटेरी में आयोजित तीन दिवसीय समारोह में गोंड शासकों के नायक, परंपराएं, संस्कृति और ऐतिहासिक गाथाएं कलात्मक रूप से प्रस्तुत की जाएंगी।

### भड़काऊ पोस्ट करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, फॉरवर्डिंग, कमेंट, क्रॉस कमेंट और लाइक करने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत यह कदम लोक प्रशांति और जन सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। आदेश में कहा गया है कि विवादास्पद पोस्ट से अधिक हानि कमेंट और प्रतिक्रियाओं से होती है, जो धार्मिक भावनाओं को आहत कर शांति भंग कर सकती हैं।

### विधायक ने छात्रावास का किया औचक निरीक्षण



**विदिशा।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड 21 में घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फॉर्म में केवल फोटो लगाकर बीएलओ या आंगनबाड़ी केंद्र में जमा करना है, दस्तावेज संलग्न करना जरूरी नहीं। इसी दौरान विधायक टंडन और नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने लुहांगी स्थित अनुचित जाति जूनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, स्वच्छता व बच्चों की सुविधाओं का गहन परीक्षण किया। अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए गए। जागरूकता अभियान में भाजपा नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### 40 से अधिक श्रमदानियों ने बदली रंगई के ऐतिहासिक पुल की तस्वीर

# 2 कौड़ी के जुर्माने के एवज में 200 साल पहले बने रंगई के पुल के संरक्षण की कवायद शुरू







**विदिशा।** रंगई घाट पर बना 'दो कौड़ी' का पुल आज भी अतीत की कहानियों को समेटे हुए है। शहरवासी इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजने में जुट गए हैं और श्रमदान शुरू कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रदेश में जगह-जगह पुल गिरने की घटनाएं हो रहीं हैं, इधर विदिशा में एक पुल ऐसा भी है जो 200 सालों से खड़ा है और न जाने कितने सालों तक और ऐसे ही खड़ा रहेगा। रंगई घाट पर 200 साल पहले 2 कौड़ी के जुर्माने के एवज में यह पुल बनाया गया था। अब इस पुल के संरक्षण एवं पुनरोद्धार में तेजी आई है। शनिवार को इंटेक चेप्टर विदिशा, विरासत ग्रुप, बेतवा बिरादरी, बालविहार कल्याण समिति, विदिशा सेवा संस्थान और अन्य समूहों ने पुल की सफाई एवं झाड़ियां हटाने का श्रमदान किया। इस अभियान में विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा भी शामिल हुए। विरासत अध्यक्ष गोविंद देवलिया ने बताया कि यह पुल कभी विदिशा को रायसेन से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग था। स्थानीय नागरिकों की पहल से यह पुल धरोहर के रूप में संरक्षित रहेगा। श्रमदानियों 40 से अधिक श्रमदानियों ने पुल की साफ सफाई की। इस पुल से आवागमन बंद कर देने के कारण पुल पर झाड़ियां और घास उग आई थी। जिसे साफ किया गया। विदिशा और रायसेन को जोड़ने वाला लगभग 200 साल पुराना ऐतिहासिक दो कौड़ी के जुर्माने के एवज में रंगई स्थित बेतवा नदी पर बना पुल शहर की विरासत का प्रतीक बना हुआ है। अब इस धरोहर के संरक्षण के लिए समाजसेवी, विरासत प्रेमी और प्रशासनिक अधिकारी एकजुट होकर आगे आ रहे हैं।

### 180 साल आवाजाही का प्रमुख जरिया रहा रंगई का पुराना पुल

*इतिहासकार गोविंद देवलिया के अनुसार इस पुल का निर्माण ग्वालियर साम्राज्य के समय हुआ था। उस दौरान विदिशा के जमींदार श्रीवास्तव परिवार से थे। एक बार सिंधिया महाराज के बुलावे पर जमींदार समय पर नहीं पहुंच सके, जिस पर महाराज ने उन पर 'दो कौड़ी' का जुर्माना लगाया। जमींदार ने जुर्माना भरने के बजाय जनहित का कार्य करने का निवेदन किया। तब महाराज ने बेतवा नदी पर विदिशा और रायसेन को जोड़ने वाले पुल के निर्माण का सुझाव दिया। इसी जुर्माने के बदले जमींदार द्वारा यह पुल बनवाया गया, जो बाद में 'दो कौड़ी का पुल' कहलाया। विदिशा के तत्कालीन जागीरदार गौरी शंकर श्रीवास्तव ने इस पुल का निर्माण कराया था। यह पुल लगभग 180 वर्षों तक क्षेत्र में आवागमन का प्रमुख साधन रहा। समय के साथ यातायात बढ़ने पर पुल संकरा पड़ने लगा। इसके बाद इसके समीप एक नया पुल बनाया गया, जिसके कारण पुराने पुल से आवागमन बंद हो गया। इंटेक विदिशा के संयोजक और विरासत समूह के सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि यह पुल विदिशा के लिए केवल एक संरचना नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है। लंबे समय तक उपेक्षा के कारण पुल पर झाड़ियां और गंदगी जमा हो गई थी। इसे हटाने के लिए समाजसेवियों, विरासत प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने श्रमदान किया और पुल की सफाई तथा साज-सज्जा का कार्य किया। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में इस ऐतिहासिक पुल का सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से उपयोग करने की योजना है। इसका उद्देश्य यह है कि बाहर से आने वाले लोग इसकी ऐतिहासिक महत्ता को समझ सकें और विदिशा की धरोहर से जुड़ सकें।*

### खाद्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

# अशोक मसाला डोसा रेस्टोरेंट पर गंदगी मिली, नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विवेकानंद चौराह स्थित अशोक मसाला डोसा रेस्टोरेंट पर गंदगी की शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट के किचन में गंदगी और स्वच्छता मानकों की अनदेखी पाई गई, जिसके बाद अधिकारियों ने कड़ी चेतावनी दी और नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई. पन्ना ने नायब तहसीलदार ओम बघेल की मौजूदगी में रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। जांच के दौरान रेस्टोरेंट के रसोई क्षेत्र में साफ-सफाई का अभाव और खाद्य सामग्री के रखरखाव में लापरवाही सामने आई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने रेस्टोरेंट संचालक को स्वच्छता बनाए रखने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

### इडली और टमाटर चटनी के नमूने लिए

निरीक्षण के दौरान इडली और टमाटर की चटनी के नमूने भी लिए गए हैं, जिन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। नियमों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। शहर के सभी होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, गुणवत्ता और नियमों के पालन को लेकर नियमित जांच जारी रहेगी, और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार तीन इनामी आरोपी गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार एवं 3-3 हजार के इनामी 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत पुलिस को यह यह सफलता मिली। 4 जुलाई 2024 को बरईपुरा चौराह के पास एक व्यक्ति पर घातक हमला किए जाने पर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच के दौरान देवेंद्र सेन, शिवम सेन और मनजीत दांगी को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए गए।

# डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि कहाः संविधान की मूल भावना की रक्षा हमारा संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



बाबा साहब की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे कांग्रेस नेता।

जिला कांग्रेस कमेटी और सेवा दल कांग्रेस द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को आधुनिक भारत का मार्गदर्शक संविधान दिया। उनकी दूरदृष्टि, संघर्ष और सामाजिक समरसता की सोच आज भी समानता और न्याय के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं को समान अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी प्रेरणा से महिला कांग्रेस शिक्षा, सम्मान और समान भागीदारी के लिए निरंतर प्रयासरत है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणधीर सिंह ठाकुर ने डॉ. अंबेडकर के जीवन को संघर्ष, त्याग और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के प्रति समर्पित बताया।

### 3 मेडिकल दुकानों के लाइसेंस 7 दिन के लिए निलंबित

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में मेडिकल स्टोरों की अनियमितताओं के विरुद्ध जारी कार्रवाई के तहत औषधि निरीक्षक द्वारा कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। कमियां मिलने पर दिए गए कारण बताओ नोटिसों के संतोषजनक जवाब न मिलने पर पाटीदार मेडिकल स्टोर सिरोंज, शुभ मेडिकल बासौदा और अरिहंत मेडिको विदिशा की औषधि अनुज्ञप्ति सात दिनों के लिए निलंबित कर दी गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य दवा विक्रय व्यवस्था को पारदर्शी रखना और नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। प्रशासन ने आगे भी सख्ती जारी रखने की चेतावनी दी है।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने सभी मतदान केंद्रों पर स्थायी बीएलओ नियुक्ति की मांग उठाई

### मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने देशभर के सभी मतदान केंद्रों पर स्थायी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की नियुक्ति की मांग करते हुए भारत सरकार के कैबिनेट सचिव, नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल को पत्र भेजा है।

प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा प्रेषित इस पत्र में कहा गया है कि देश के लगभग 10 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर स्थायी BLO होने से मतदाता सूची के कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। संभाग उपाध्यक्ष भोपाल नारायण प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि वर्तमान में मतदाता सूची के एसआईआर सर्वे का कार्य तेज़ी से चल रहा है, जिसके कारण विद्यालयों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं शिक्षक इस अतिरिक्त जिम्मेदारी में लगे हुए हैं। इससे शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई प्रभावित होती है और कर्मचारियों पर दोहरे कार्यभार का मानसिक दबाव भी बढ़ता है। कई कर्मचारी कंप्यूटर और मोबाइल संचालन में दक्ष न होने के कारण कठिनाई का सामना करते हैं, जिससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है और तनाव बढ़ता है।

संघ का तर्क है कि मतदाता सूची का कार्य लोकतंत्र की रीढ़ है, जिसे नियमित रूप से अद्यतन करना आवश्यक है। स्थायी बीएलओ नियुक्त होने पर प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रशिक्षित एवं तकनीकी रूप से दक्ष अधिकारी उपलब्ध होंगे, जिससे न केवल कार्य की गति और गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि कर्मचारियों पर अतिरिक्त भार भी कम होगा। संघ ने सरकार और निर्वाचन आयोग से मांग पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

# मोहम्मदगढ़ ने जीता सांसद खेल महोत्सव क्रिकेट टूर्नामेंट, ग्यारसपुर रहा उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर



विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को ग्यारसपुर तहसील मैदान में रोमांच और उत्साह के बीच संपन्न हुआ।

क्रिकेट फाइनल में मोहम्मदगढ़ ने ग्यारसपुर को 7 विकेट से हराते हुए मंडल स्तरीय खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्यारसपुर की टीम ने 12 ओवर में 119 रन बनाए। जवाब में कमजोर शुरुआत के बावजूद मोहम्मदगढ़ ने ओसामा और शाहरुख की जिम्मेदार साझेदारी के दम पर लक्ष्य 11वें ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच का निर्णायक मोड़ तब आया जब ग्यारसपुर के गेंदबाज शिवा ने एक ओवर में 28 रन लुटा, जिससे मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल गया। कबड्डी स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में हैदरगढ़ की टीम ने विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि बालक वर्ग में ग्यारसपुर संदीपनी विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, स्थानीय सरपंच राजू कुशवाहा, गोविंद सिंह गुर्जर और किशोर कुशवाहा ने ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### अस्पताल प्रशासन के संचालक ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

**विदिशा।** अस्पताल प्रशासन के संचालक मयंक अग्रवाल ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता के साथ जिला अस्पताल का का औचक निरीक्षण किया। संचालक ने आपातकालीन कक्ष, प्रसूति वार्ड, ओपीडी, वार्डों, औषधि भंडार, लैब व डायग्नोस्टिक यूनिट का निरीक्षण कर दवा उपलब्धता, मशीनों की कार्यस्थिति, साफ-सफाई और स्टाफ उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सुधार के निर्देश देते हुए मरीजों से उपचार संबंधी फीडबैक लिया। इस दौरान सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार सहित अधिष्ठाता तथा सिविल सर्जन मौजूद रहे।

# उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई, विधायक बोलेः विपरीत समय में सबसे पहले मोर्चा संभालते हैं होमगार्ड जवान

होमगार्ड परिवार के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विधायक ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

होमगार्ड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। क्रांति चौक स्थित होमगार्ड कार्यालय में आयोजित भव्य समारोह में सेवानिवृत्त होमगार्ड सैनिकों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया, वहीं होमगार्ड परिवार के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जवानों ने अनुशासित मार्च-पास्ट कर समारोह की गरिमा बढ़ाई। आपदा राहत एवं बचाव कार्यों में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन मौजूद रहे, जबकि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी और अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने विशेष उपस्थिति दर्ज की।

होमगार्ड कमांडेंट रश्मि दुबे ने कहा कि स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट सेवाओं और मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करना प्रेरणादायक पहल है। अपने संबोधन में विधायक टंडन ने बाढ़, आगजनी व आपात स्थितियों में होमगार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए सभी परिवारों को शुभकामनाएं दीं।

### तहसीलदार नेगी ने खाद वितरण सोसायटी केंद्र सागुल का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** शमशाबाद के तहसीलदार डॉ. दर्शन सिंह नेगी ने आज खाद वितरण सोसायटी केंद्र सागुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वितरण व्यवस्था, स्टॉक पंजी, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही खाद की मात्रा, पारदर्शिता तथा व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। तहसीलदार ने केंद्र में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या देरी न हो। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान किसानों से भी चर्चा की गई तथा खाद उपलब्धता और वितरण प्रक्रिया से संबंधित फीडबैक लिया गया।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर दिया जोर

### डायलिसिस इकाई का समय बढ़ाने के निर्देश ताकि अधिक मरीज समय पर सेवा का लाभ ले सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

जिला अस्पताल के सभागार में शनिवार को कलेक्टर एवं जिला रोगी कल्याण समिति अध्यक्ष अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक मरीज को शासन की मंशानुरूप बेहतर, तेज और भरोसेमंद उपचार सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने अस्पताल सेवाओं की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। डायलिसिस इकाई का समय बढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक मरीज समय पर डायलिसिस सेवा प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जनजागरूकता बढ़ाने और रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

सिरोंज और गंजबासौदा में ब्लड बैंक प्रारंभ करने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे स्थानीय मरीजों को तत्काल रक्त उपलब्ध हो सके। अस्पताल में स्वच्छता, दवा उपलब्धता, उपकरणों के रखरखाव तथा ओपीडी और आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. अनूप वर्मा सहित समिति के सदस्य एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ किया अंबेडकर विचार मंथन

**विदिशा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर 3 से 6 दिसंबर तक जिलेभर में व्यापक अंबेडकर विचार मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले की विभिन्न इकाइयों के कार्यकर्ताओं ने कुल 107 स्थानों पर पहुंचकर 11 हजार 207 विद्यार्थियों को बाबा साहब के विचारों से अवगत कराया। नगर मंत्री चंद्रांशु शास्त्री ने बताया कि केवल विदिशा नगर इकाई ने ही 40 स्थानों पर 4,848 विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की। महाविद्यालयों, विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक समरसता, समानता, न्याय और शिक्षा–आधारित समाज के संकल्प को दोहराया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने परिसर स्तर पर संवाद, चर्चा और संकल्प कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

### कबड्डी में विदिशा, खो-खो में ज्ञान ज्योति विजेता

**शमशाबाद।** विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पुरुष कबड्डी फाइनल में विदिशा ने शमशाबाद को 10 अंकों से हराया। खो–खो बालिका वर्ग में ज्ञान ज्योति स्कूल ने खिताब जीता। एथलेटिक्स में 100 मीटर बालिका वर्ग में रौनक धाकड़ प्रथम, प्राची गुर्जर द्वितीय और संगीता तृतीय रहीं। शॉट पुट में भूमिका ने पहला तथा प्रिया धाकड़ ने दूसरा स्थान पाया। पुरुष गोला फेंक में राजीव जायसवाल प्रथम रहे। 100 मीटर पुरुष दौड़ में करन राजपूत ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। तहसीलदार प्रेमलता पाल तथा समाजसेवी डॉ. भैरों सिंह गुर्जर ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह दिए। प्रतियोगिता में रेफरशिप अरविंद राजपूत, हनीफ खान, ज्योति ठाकुर, अर्चना किरार, इंद्रर नायक ने भूमिका निभाई। आयोजन में समाजसेवी रुपेश आर्य,कबड्डी कोच मयूर भार्गव, मनीष अहिरवार, लखन राजपूत ,दीपक राजपूत , सुमित शर्मा,भगत राजपूत उपस्थित रहे।



## जिम्मेदार विभाग द्वारा सरकार के नियमों का नहीं कराया जा रहा पालन

# यात्री बसों में आगजनी से निपटने नहीं कोई इंतजाम, कार्रवाई भी सिर्फ दिखावे तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिले की सड़कों पर दौड़ने वाली यात्री बसों में सुरक्षा से खिलवाड़ का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शासन के कड़े आदेश के बाद परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों में आगजनी से निपटने के माकूल इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। आग से निपटने के लिए यात्री बसों में पुख्ता इंतजाम नहीं होने की वजह से मुसाफिरों पर हरदम जान का खतरा मंडरा रहा है।

बताया जा रहा है कि नए बस स्टैंड सहित महामाया चौक, जनसेवा अस्पताल के पास अमूमन सभी यात्री बसो में आगजनी से निपटने के कोई इंतजाम नहीं रहते। ऐसे में जाती बसों में यदि आगजनी की कोई घटना घटित हो जाए तो बड़ी जनहानि हो सकती है। इतना ही नहीं इमरजेंसी विंडो भी ठीक नहीं है। अनदेखी का आलम यह है कि जब कोई बस हादसा होता है तब परिवहन अमले की नींद खुलती है और तब मौके पर कार्रवाई करने पहुंचता है। बाकी समय अमला गायब रहता है। इस मामले में काबिले गौर फरमाने वाली बात यह है कि आरटीओ रायसेन को शासन स्तर पर जब आदेश मिलते हैं तब वह गहरी कुंभकर्णी नींद से जाग़ता है। इसके अलावा जिम्मेदार विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी महसूस नहीं करते।

मालूम हो कि राजस्थान के जैसलमेर में बस बस हादसे में 20 यात्री जिंदा जलकर मर गए थे। इसके अलावा मध्य प्रदेश के गुना, टीकमगढ़ छतरपुर सहित अन्य जिलों में भी यात्री बसों आगजनी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इसके बावजूद भी यात्री बसों में जिम्मेदार अधिकारियों ने आगजनी से निपटने के कोई खास इंतजाम नहीं किए हैं। जिले भर की सड़कों पर दौड़ रही ज्यादातर यात्री बसों में फायर सिस्टम अग्निशमन यंत्र अगर लटके भी हैं तो सिर्फ रस्म अदायगी की गई है।

सूत्रों ने बताया कि बसों में केवल प्रशासनिक कार्यवाही से बचने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर नजर आते हैं। आगजनी में जरूरत पड़ने पर शोपीस सिलेंडर किसी काम आने वाले नहीं है।

### कबाड़ जैसी स्थिति में अग्निशमन यंत्र

रायसेन शहर के तीनों अस्थाई बस स्टैंड और नए बस स्टैंड भोपाल रोड से रोजाना सैकड़ों यात्री बसें सड़कों पर सरपट दौड़ती हैं। बताया जाता है की नियत यात्री बसों में मुसाफिरों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देखने को तो यात्री बसों में 1 लीटर वाले गैस सिलेंडर लटके हुए हैं, लेकिन वह भी कबाड़ जैसी हालत में हैं। कुछ यात्री बसों में यह गैस सिलेंडर बस ड्राइवर की सीट के नजदीक रखे रहते हैं।

बताया जाता है कि लॉन्ग रूट वाली बसों में अग्निशमन यंत्र नजर नहीं आते। जबकि शासन के सख्त निर्देश है कि सभी यात्री बसों में अग्निशान यंत्र अनिवार्य किया जाए।

### बसों में महिलाओं की सीट पर बैठे रहते हैं पुरुष

यात्री बसों में महिलाओं और विकलांगों के लिए सिम आरक्षित हैं लेकिन अधिकांश देखने में आता है कि महिलाओं की आरक्षित सीट पर पुरुष और युवक बैठे नजर आते हैं। सीट आरक्षित के सरकारों ने नियम बनाए हैं लेकिन धरातल पर पालन नहीं हो पा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी कभी ऐसी व्यवस्था को देखने नहीं आते। महिलाएं खड़े होकर अपनी सीट को ताकती रहती है लेकिन उन्हें बड़ी मशक्कत के बाद सीट मिल पाती है। महिलाओं के अधिकार को दमन किया जाता है।

### कहीं भारी न पड़ जाए जिम्मेदारों की लापरवाही

सवारी वाहनों में यात्रा करने वाले मुसाफिरों के जीवन की सुरक्षा में आखिर किसकी जिम्मेदारी है। जिले में यात्री बसों के साथ ही साथ नगर में दौड़ रही बहुत सी यात्री बसों में भीअग्निशमन यंत्र के अता-पता नहीं रहते। आग से निपटने के पुख्ता इंतजाम केवल कागजों तक ही सीमित रहते हैं। जिला परिवहन विभाग और यातायात पुलिस संयुक्त रूप से कभी कबार इन यात्री बसों और स्कूल बसों की जांच करते हैं बाकी समय फील्ड से नदारत रहते हैं। जब कभी बस हादसे होते हैं तो परिवहन विभाग के अधिकारी आनन-फानन में आदेश जारी करके भूल जाते है। कई दफे परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस आदेश के बाद औपचारिकता के लिए यात्री व स्कूल बसों अन्य टैक्सियों की जांच करती नजर आती है।

**इनका कहना है**

यात्री बस ऑपरेटरों को अग्निशमन यंत्र लगाने सहित ट्रैफिक रूल्स के कड़ाई से पालन कराने संबंधी आदेश जारी किए हैं। इस मुद्दे पर यात्री वाहनों की कड़ाई से जांच कराई जाएगी।
- **जगदीश सिंह भील,** आरटीओ रायसेन।

# वन विभाग की जमीन पर व्यवसायी का अवैध कब्जा

## *अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर पार्षद और रहवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर के पाटनदेव के पठार क्षेत्र की वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जों की बाढ़ आई है। इन अतिक्रमण कारियों पर कार्रवाई करने की फुरसत न तो विभाग के आला अधिकारियों को है और न प्रशासन इस ओर कोई ध्यान दे रहा है, जिससे दिन प्रतिदिन अतिक्रमण कारियों के हौसले आसमान पर है।

ऐसा ही एक मामला रेशम केंद्र मार्ग पर स्थित वन विभाग की भूमि पर एक व्यवसायी ने अवैध बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। वार्ड पार्षद ने बताया कि उक्त व्यवसायी ने अपने प्लॉट की सीमा से अतिरिक्त वन विभाग की भूमि पर भी कब्जा जमा लिया है।

विगत दिनों अतिक्रमणकारियों से वन विभाग की भूमि को मुक्त कराने वार्ड 14 के पार्षद देवेंद्र यादव ने कलेक्टर को वार्डवासियों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा था। उनका कहना है कि अवैध कब्जे के कारण वार्ड का विकास अवरुद्ध हो रहा है।

### घर-घर पहुंचाना है पाइप लाइन से पानी

वार्ड पार्षद के अनुसार राहुल नगर इंदिरा झुग्गी बस्ती के पास पाइप लाइन का विस्तार होना है, लेकिन अतिक्रमण की वजह से यह काम अधर में लटका हुआ है। यहां से होकर पानी की पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाना सुनिश्चित है। लेकिन कार्य में अवरुद्ध आने के कारण वार्डवासियों को पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।

वार्ड के रहवासी ओमप्रकाश, रमेश प्रजापति, राजकुमार, संतोष प्रजापति, भागीरथ सिंह, दुर्गेश कुमार, परमानंद आदि ने बताया कि इस सरकारी जमीन पर शहर के एक व्यापारी ने अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया है। हम लोगों ने कलेक्टर से सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाए जाने की पुरजोर मांग की है। इस दबंग अतिक्रमणकारी ने नगर पालिका के सरकारी हैंडपंप को पर भी जंजीर डालकर कब्जा कर लिया है, जिससे लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है।

**इनका कहना है**

वन विभाग की भूमि पर शहर के व्यवसायी ने कब्जा कर रखा है, जिससे वार्ड में विकास कार्य नहीं हो पा रहे है। हमने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।
- **देवेंद्र यादव,** वार्ड पार्षद रायसेन।

**इनका कहना है**

राहुल नगर वार्ड 14 में मौके पर कस्बा पटवारी को भिजवाकर जांच करवाएंगे। अगर अतिक्रमण होगा तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

## खबर संक्षेप

### रघुवंशी समाज की बैठक आज उदयपुरा में

**सिलवानी।** अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी समाज की बैठक रविवार को दोपहर 1 बजे उदयपुरा स्थित रघुवंशी भवन में आयोजित की जाएगी। समाज के पदाधिकारी एडवोकेट रामेश्वर सिंह रघुवंशी, कृपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में बैठक में रघुवंशी सामुदायिक भवन के नियमित संचालन, समाज द्वारा स्वेच्छिक देय राशि जमा करने पर चर्चा, सहित विगत माह आयोजित रघुवंशी सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रघुवंशी भवन निर्माण के 7 दिसंबर तक प्राप्त आय-व्यय का अवलोकन एवं चर्चा की जाएगी। साथ ही अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमिति से चर्चा होगी। समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार रघुवंशी ने आमंत्रित समाजजनो से तय समय पर बैठक में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

### नागिन मोड़ पर शावकों के साथ दिखी बाघिन

**रायसेन।** सिंघोरी अभ्यारण बाड़ी के अंतर्गत आने वाले बाड़ी वन परिक्षेत्र सिरवारा के पास नागिन मोड़ पर बाघिन शवकों के साथ घूम रही है। बता दें कि सिंघोरी अभ्यारण बाड़ी वन परिक्षेत्र में अक्सर बाघ देखे जाने की खबरें आ रहीं हैं। नागिन मोड़ पर बीती रात इस बाघिन के शावकों का पूरा परिवार देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। अब आसपास गांव में दहशत का माहौल है। वन महकमे के अफसरों ने ग्रामीणों व किसानों से खेतों में आते जाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### बाबा साहेब का मनाया परिनिर्वाण दिवस

**रायसेन।** भारतीय संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस न्यू मार्केट में शनिवार की शाम मनाया गया। डॉ अंबेडकर जन कल्याण समिति द्वारा मनाया गया। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया। जिसमें उपस्थित प्रमुख वक्ताओं द्वारा भीमराव अंबेडकर साहब की पुण्यतिथि के अवसर पर अंबेडकर साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत रत्न भीमराव अंबेडकर साहब द्वारा निर्मित संविधान में सभी वर्ग के लोगों के लिए समान अधिकार दिए गए हैं। जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर लोगों को एक जुटता के साथ भीमराव अंबेडकर साहब के विचारों का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ाना चाहिए। इस दौरान विजयराम लोहट, संतोष यादव, विशाल कुशवाहा, मलखान सिंह ठाकुर, बबलू वर्मा, बारेलाल सूर्यवंशी, शिवनारायण सराठे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कुर्मी समाज ने अनर्गल टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



शनिवार को नगर के कांठिया मंदिर परिसर में एकत्रित हुए कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोगों ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियों पोस्ट डाल कर समाज को अपमानित किए जाने के आरोपी मुरारी पाण्डेय पर सख्त कार्रवाही किए जाने की मांग की। एकत्रित समाजजन यहां से तहसील कार्यालय पहुंचे तथा महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसमें आरोपी पर रासुका के तहत सख्त कार्रवाही की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सागर जिले की रहली निवासी मंगल पाण्डेय के द्वारा बीते दिनो कुर्मी समाज को लेकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो डाला गया। जिसमें जिसमें समस्त कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं किसान समाज के लोगों को कई बार गाली गलौच एवं जातिगत रूप से अपमानित और अपशब्द का उपयोग किया गया है। इस तरह के अपमानित अपशब्दों को प्रयोग करके ना केवल कुर्मी समाज को अपमानित किया है, बल्कि ऐसी टिप्पणी से समस्त कुर्मी समाज के लोगों को मानसिक व सामाजिक आघात पहुंचा है।

यह भी उल्लेखित है कि मुरारी पाण्डे द्वारा किए इस कृत्य के कारण कुर्मी समाज के लोगों में आक्रोश है, समस्त कुर्मी समाज आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत तुरंत कानूनी कार्रवाही की मांग करती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

# सेन समाज के अध्यक्ष बने हरिनारायण



**बाड़ी।** शनिवार को सेन समाज की चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण आयोजित बैठक में बाड़ी सेन समाज का सर्वसम्मति से अध्यक्ष हरिनारायण श्रीवास को मनोनीत किया है। सेन समाज के अध्यक्ष श्रीवास के बनाए जाने से उनसे सामाजिक उत्थान और संगठन की मजबूती की उम्मीद है। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि समाज संगठन की मजबूती के हर संभव कोशिश करूंगा। नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीवास के अध्यक्ष बनने पर हारफूलों से स्वागत कर बधाई देने का सिलसिला जारी है।

# भयमुक्त गांव बनाने पुलिस कर रही लगातार गश्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर पुलिस टीम पांच दिन से लगातार देर शाम को गांव में भ्रमण कर रही है। ताकि गांव के ग्रामीण भय मुक्त होकर सुख शांति से रहे।

शनिवार शाम को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने दुकानदारों और ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र में शांति और सतर्कता बनाए रखने की अपील की। लोगों को असामाजिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत थाने में देने की सलाह दी। आगे समझाया कि मोबाइल पर किसी भी प्रकार की ओटीपी आती है तो किसी को भी ना दी जाए,नहीं तो तुम्हारा खुद का खाता का सारा पैसा निकल जाएगा। अगर ऐसा कोई फोन आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। तुम्हारे साथ किसी प्रकार का फ्रॉड होता है तो 1930 पर कॉल कर सूचना दें। गस्त दौरान दीवानगंज पुलिस प्रभारी सुनील शर्मा सहित चौकी और सलामतपुर थाना बल मौजूद रहा।

# गरीब व मजदूर बस्ती में किया उपयोगी वस्त्रों का वितरण

## निराला समिति का नर सेवा नारायण सेवा अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



पिछले अनेक वर्षों की भांति श्री निराला साहित्य जनकल्याण समिति के द्वारा नगर में पुराने उपयोगी वस्त्रो को एकत्रित कर जरूरतमंद मजदूर गरीबों के बीच पहुंचकर वितरण किया जा रहा है। शनिवार को निराला समिति के पदाधिकारी पोरिया टॉकीज के पास खुले मैदान में डलें गरीब मजदूरों के डेरों में पहुंचे और पुराने उपयोगी वस्त्रो का वितरण किया गया।

पोरिया टॉकीज के पास कामतोन रोड के किनारे बाहर से आए मजदूरों गरीबों के डेरा डले हुए हैं। निराला समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ एडवोकेट, सचिव अवधनारायण सक्सेना, सईद पठान ने बच्चों के लिए ऊनी सूती, महिलाओं के लिए साड़ियां स्वेटर एवं युवाओं पुरुषों के लिए उनकी जरूरत के अनुसार वस्त्रों का वितरण किया गया।

जरूरतमंद परिवार ठंड के माहौल में अपने लिए उपयोगी वस्तुओं को पाकर खुश होने के साथ उत्साह और चेहरों पर खुशी छा गई। समिति द्वारा नरसेवा नारायण सेवा अभियान के अंतर्गत पुराने वस्त्रों को एकत्रित किया जा रहा है। नगर के परिवारों से संपर्क भी किया जा रहा है। संपर्क के लिए 9977693796 एवं 9200882630 पर संपर्क करने का आग्रह किया है, जिससे परिवारों की अलमारियों में रखे पुराने उपयोगी वस्त्र अन्यों के काम आ सके।

## आरती एक समय करने का मामला

# एसडीओपी पर हिन्दू समाज का फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

एसडीओपी अनिल मौर्य की तथाकथित कार्य प्रणाली तथा धार्मिक भावनाओं पर कुटाराधात करने पर शनिवार को नगर के हिंदु संगठनों के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। जुलुस के रूप में तहसील कार्यालय पहुचें कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। यहां पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

हिंदु उत्सव समिति के तत्वाधान में सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शुक्रवार को शाम के समय बजरंग चौराहा स्थित शनि मंदिर में आरती का आयोजन किया जा रहा था तभी एसडीओपी पहुचें तथा पुजारी सुमित जौशी से एक स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं कुछ नहीं जानता शनि मंदिर तथा हनुमान मदिर की आरती एक साथ होना चाहिए, यह मेरे स्पष्ट निर्देश है। इसी तरह की बात हनुमान मंदिर के पुजारी संजय शास्त्री से भी की। एसडीओपी की इस हरकत से हिंदु संगठनों ने नाराजगी व्यक्त की।

ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया है कि पूर्व में भी एसडीओपी द्वारा हिंदु समाज के धार्मिक आयोजनों में भी अनावश्यक हस्तक्षेप किया जा चुका है। तथा कार्यकर्ताओ के साथ अभ्रदता की जा चुकी है। ज्ञापन मे स्पष्ट कहा गया है कि एसडीओपी की हरकत हिंदु समाज विरोधी है। जिस पर तत्काल ही कार्रवाही की जाए। अन्यथा हिंदु समाज सड़क पर उतर कर सख्त आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

## विलंब से नहरों में छोड़ा पानी, फिर भी नहीं की साफ-सफाई

# नहरों की साफ-सफाई किए बिना छोड़ रहे पानी

*किसानों के खेतों तक पर्याप्त मात्रा में पानी न पहुंचने की बनी समस्या*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



बाड़ी स्थित बारना बांध से बाड़ी बरेली तहसीलों के साथ सीहोर जिले के बकतरा क्षेत्र उदयपुरा तहसील में भी सिंचाई होती है। इस वर्ष बारना बांध से नहरो में भारी विलंब से पानी छोड़ा गया दूसरी समस्या किसानों के समक्ष खेतों तक पर्याप्त मात्रा में पानी न पहुंचने की बनी हुई है। नहरों उप नहरों की साफ सफाई यदि नहरों में पानी छोड़ने के एक माह पूर्व की जाती तो नहरों का पानी बिना रुके शीघ्र किसानों के खेतों तक पहुंच जाता।

**नहरो में रिसाव की बड़ी समस्या :** पिछले वर्षों में बारना बांध की नहरों उप नहरो को पक्का लाइनिंग करने के कार्यों पर ठेकेदारों के माध्यम से कराए गए कार्यों पर कई सौ करोड रुपए बारना परियोजना द्वारा खर्च किए गए।भारी भरकम राशि खर्च हो गई मिली भगत से हुए घटिया निम्न स्तरीय कार्यों के कारण नहरो में पानी रिसाव की बड़ी समस्या बनी हुई है।जब तक नहरो में पानी चलता है ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों में भरपूर पानी बना रहता है पानी के हिसाब से नहरो में पानी आगे बढने की गति कम बनी रहती है। और विलंब से टेल क्षेत्र के खेतों तक पानी पहुंचता है।

### नहीं हुई नहरो की साफसफाई

एक डेढ़ माह पूर्व से नहरो की साफ सफाई का मुद्दा अखबार उठा रहे थे किसानों द्वारा नहरो की व्यापक साफ सफाई किए जाने की मांग की जा रही थी। बारना बांध की नहरो में नवंबर माह में पानी छोड़ा जाना चाहिए इसके विपरीत भारी विलंब कर पानी नहरो में छोड़ा जिससे अगले एक माह में नहरों का पानी टेल क्षेत्र के ग्रामों खेतों तक पहुंच पाएगा जो किसान सिर्फ नहर के पानी के भरोसे खेती कर रहे हैं। नहरों में पानी आने खेतों तक पहुंचने के बाद पलेवा उसके बाद बखरनी बोबनी में भारी विलंब होगा।

किसानों का कहना है कि इस वर्ष नहरों में पानी भारी विलंब से छोड़े जाने के कारण रबी फसलों की बोबनी एक माह तक पिछड़ रही है, जिसका सीधा असर उत्पादन कम होने के रूप में किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।